महानगर के एक होटल में समारोह के दौरान सर्वसम्मति से किया गया चयन

# डॉ. रचित बने इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बरेली मोड़ स्थित एक होटल में सोमवार को आयोजित एक समारोह में कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल पुवायां के डायरेक्टर डॉ. रचित अग्रवाल को सर्वसम्मति से इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में डॉ. रचित अग्रवाल अध्यक्ष, अरुण खंडेलवाल महासचिव तथा आरडी अग्रवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त सीबीएसई कोऑर्डिनेटर राजीव मोहन पांडे ने संस्था उद्देश्य व आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताया। कार्यक्रम में विद्यालयों के विकास और शिक्षा के विस्तार को लेकर सुझावों को साझा किया गया। विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण पर विचारों को व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आने वाले समय में शिक्षा को तकनीक से जोड़ना और बच्चों का चहुंमुखी विकास करने से संबंधित रहा। संचालन आरडी अग्रवाल ने किया। इस दौरान अशोक अग्रवाल, आलोक आंचल, अशोक अग्रवाल, रोहित सिंह, हरदीप सिंह, अवतार अवतार सिंह, पूनम चौधरी, वर्षा अग्रवाल सहित सीबीएसई, आईसीएसई और यूपी बोर्ड के सभी प्रधानाचार्य व प्रबंधक मौजूद रहे।


इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन के समारोह में मौजूद स्कूल संचालक। ● अमृत विचार

- समारोह में साझा किए गए विद्यालयों के विकास और विस्तार के सुझाव

### विकास को रहेंगे हमेशा तत्पर

अंत में डॉ. रचित अग्रवाल ने अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी के सुझाव अमूल्य हैं और हम भविष्य में विद्यालयों व विद्यार्थियों के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

### इन स्कूलों ने की सहभागिता

समारोह में कर्नल्स अकादमी, जयपुरिया स्कूल, ऑल सेंट्स स्कूल, ग्रीन वैली स्कूल, इडेन पब्लिक स्कूल, सांई शिक्षायतन, आकांक्षा पब्लिक स्कूल, राना पब्लिक स्कूल, दशमेश अकादमी, चंदी कॉन्वेंट, लीड कॉन्वेंट, वीडीएफ स्कूल, एसएसएमबी स्कूल, माधवराव सिंधिया स्कूल, द फाउंडेशन स्कूल, द रेनेसां एकेडमी, रोजी पब्लिक स्कूल, गुरु तेज बहादुर स्कूल, दून इंटरनेशनल स्कूल, ऑक्सफोर्ड स्कूल, आरएलडी पब्लिक स्कूल, मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल, गोल्डन फ्लावर स्कूल, भारत विकास स्कूल, एलएसपी स्कूल, द सेक्रेड हार्ट अकैडमी, माउंट लिट्रा जी स्कूल, ग्लेयरिंग पब्लिक स्कूल, आरएस पब्लिक स्कूल सहित सभी स्कूलों ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

## अब ई-लॉटरी के माध्यम से होगा लाभार्थी चयन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** अब कृषि यंत्र वितरण के लाभार्थियों का चयन पहले आओ, पहले पाओ की व्यवस्था से नहीं होगा। इसे समाप्त कर ई-लॉटरी व्यवस्था शुरू की गई है। कृषि यंत्रीकरण की प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इनसीटू मैनेजमेंट आफ क्राप रेजीड्यू योजनान्तर्गत कई यंत्रों पर 50 से 80 प्रतिशत तक अनुदान प्राप्त करने के लिए आवेदन की बुकिंग 2 जुलाई को दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी। इच्छुक लाभार्थी व कृषक 16 जुलाई रात्रि 12 बजे तक वेबसाइट पर जाकर यंत्र पर अनुदान के लिए टोकन निकालें। डीडी कृषि धीरेंद्र सिंह ने बताया कि कृषि यंत्रों के आवेदन को बुकिंग किए जाने के लिए पोर्टल पर पूर्व से उपलब्ध मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त करने का विकल्प होगा। आवेदन के समय ही जमानत धनराशि जमा करनी होगी। जानकारी के लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय या संबंधित राजकीय कृषि बीज भंडार से संपर्क कर सकता है।

## अल्पसंख्यक कांग्रेस ने वीर अब्दुल हमीद की शहादत को किया याद


वीर अब्दुल हमीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सईद अंसारी ने सोमवार को वीर अब्दुल हमीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी वीरता पर प्रकाश डाला। गाजीपुर जिले के एक मामूली परिवार में एक जुलाई 1933 को जन्मे वीर अब्दुल हमीद के वीरता की गाथा शब्दों में नहीं पिरोई जा सकती है। 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान हमीद ने न सिर्फ पाकिस्तानी दुश्मनों के दांत खट्टे किए, बल्कि पाक के सात पैटर्न टैंकों के परखच्चे उड़ा दिए। इसी दौरान वह दुश्मनों से लड़ते हुए शहीद हो गए थे। परिजनों के अनुसार पाकिस्तान से युद्ध के दौरान घर से निकलते ही हमीद को पिता ने रोका, लेकिन वह नहीं रुके। उन्होंने अपनी पत्नी से सिर्फ यही कहा था कि तुम बच्चों का ख्याल रखना, अल्लाह ने चाहा तो जल्द मुलाकात होगी।

इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के महानगर अध्यक्ष अफजाल खान, बेकार वारसी, खुर्शीद वारसी, मेहबूब इदरीसी, सलीम इदरीसी, यूनुस इदरीसी, नौशाद इदरीसी, अजीम इदरीसी, डा. दानिश इदरीसी, शमसुद्दीन आदि लोग मौजूद रहे।

### एक नजर

#### डिप्टी सीएमओ ने सील की गंगा पैथोलॉजी लैब



**जलालाबाद।** प्रताप नगर मोहल्ला स्थित गंगा पैथोलॉजी लैब पर डिप्टी सीएमओ स्टाफ के साथ सोमवार को पहुंचे। उन्होंने बताया कि मौके पर कोई डॉक्टर नहीं मिला। संचालक लैब लाइसेंस भी नहीं दिखा पाया। ऐसे में लैब को सील कर दिया गया है। उन्होंने अपनी रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंप दी है। कहा बिना रजिस्ट्रेशन चल रही लैब के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए सीएमओ डॉ. आरके गौतम की ओर से निर्देश दिए गए हैं। कुछ लैब को नोटिस दिया गया है। अगर सुधार नहीं किया तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

#### निगोही में स्थाई ईओ की नियुक्ति की मांग

**शाहजहांपुर।** नगर पंचायत निगोही के सभासद ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र डीएम के माध्यम से भेजा। उन्होंने बताया कि नवसृजित नगर पंचायत निगोही में विकास कार्यों को कराये जाने व कार्यालय में स्थाई रूप से अधिशासी अधिकारी की नियुक्ति किये जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। सतीश कुमार, रामबेटी, मोहम्मद रफी, राकेश, अनुज कुमार, इस्लाम, रहीश बाबू आदि मौजूद रहे।

# छुट्टियों के बाद स्कूल पहुंचे बच्चे, अफसरों ने तिलक लगा किया स्वागत

## स्कूलों में पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी, डीएम ने खिलाई मिठाई, सीडीओ और डीडीओ ने बच्चों को लगातार स्कूल आने को किया प्रेरित

स्कूल चले हम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गर्मी की छुट्टियों के सोमवार से स्कूल खुल गए। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ शिक्षकों ने पहले दिन बच्चों का स्कूल में स्वागत किया। हथौड़ा बुजुर्ग विद्यालय में डीएम ने छात्र-छात्राओं के तिलक लगाकर स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह और डीडीओ पवन कुमार सिंह ने भी बच्चों का तिलक लगाकर उन्हें लगातार स्कूल आने को प्रेरित किया। हालांकि पहले दिन बच्चों की छात्र संख्या कम दिखी।

नव प्रवेश उत्सव के अवसर पर सोमवार सुबह जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय हथौड़ी बुजुर्ग पहुंचे। यहां उन्होंने रोली टीका लगाकर बच्चों का स्वागत किया। साथ ही उन्हें मिठाई खिलाई व टॉफियां वितरित की। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को स्कूल आने के लिए उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का वातावरण छात्र-छात्राओं के लिए आकर्षक व अनुकूल बनाने के लिए सरकार की एक अच्छी पहल है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों का विद्यालय के प्रति और विद्यालय के अध्यापकों के प्रति जुड़ाव बढ़ता है। विद्यालय में उनकी नियमित उपस्थिति और पठन-पाठन गतिविधियों में सक्रियता व रुचि पैदा होगी। विद्यालय में छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए विद्यालय को फूल, पत्तों, रंगोली, झंडियों, गुब्बारों आदि से सजाया गया। जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों में सभी शिक्षक, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों की ओर से छात्र-छात्राओं के लिए एक उत्सव का रूप देते हुए स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए। नवीन प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से स्वागत करते हुए प्रोत्साहित किया गया। जनपद के सभी विद्यालयों में जिलाधिकारी की ओर से नामित जिला स्तरीय अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने उपस्थित होकर में छात्र-छात्राओं के स्वागत कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।


बच्चों का टीका लगाकर स्वागत करतीं सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह।



हथौड़ा बुजुर्ग विद्यालय में बच्चों का स्वागत करते डीएम व शिक्षक। ● अमृत विचार


बच्चों का स्वागत करते डीडीओ पवन कुमार सिंह।

- फूल, रंगोली व गुब्बारों से सजाए गए स्कूल, पहले दिन कम दिखी बच्चों की संख्या

### पढ़ाई में कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए

जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। देश का भविष्य बच्चों को दी जाने शिक्षा पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए, जिससे आने वाले कल को बेहतर बनाया जा सके। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारा राजकीय दायित्व ही नहीं बल्कि हमारा सामाजिक और नैतिक कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा पढ़ाई में कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे कि वह सामान्य रूप से बाकी बच्चों के साथ आगे बढ़ सकें। जिलाधिकारी ने बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थित पर भी जोर दिया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उपस्थित अध्यापकों से भी कहा कि पैरेंट्स मीटिंग कराएं, जिससे कि बच्चे अधिक से अधिक प्रवेश ले सकें।

# स्कूलों में बच्चों को बांटी मिठाई, खीर और हलवा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शिक्षा महा निदेशक के आदेश से सभी परिषदीय विद्यालयों में एक जुलाई को नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का विद्यालय आने पर उत्सव मनाने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में नगर सहित ज़िले के सभी विद्यालयों में बच्चों के विद्यालय आने पर स्वागत का आयोजन किया गया, जिसमें जिला स्तर के अधिकारी को भी विभिन्न विद्यालयों में नियुक्त किया गया। बच्चों को टीका, रोली कर पुष्प डालते हुए और विभिन्न प्रकार कि गतिविधियां कर नव प्रवेशित के साथ-साथ सभी बच्चों के दोबारा विद्यालय आने के लिए स्वागत किया गया। कई जगह मिष्ठान, खीर, हलवा वितरित किया गया।

नगर के रोटी गोदाम में खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय सुरेन्द्र मौर्य की मौजूदगी में प्रधानध्यापक इमरान सईद खां, रचना जौहरी, खुशबू सबूर, नीलम व विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों ने बच्चों के तिलक लगा कर उन पर पुष्प वर्षा करते हुए टाफियां, खीर केला वितरित किए। खंड शिक्षा अधिकारी नगेंद्र कुमार ने बताया कि सभी विद्यालयों में उत्सव मनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को विद्यालय में शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने और नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित करना है। समय से सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्यालय आएं और बच्चों की हाजिरी बढ़ाने का प्रयास करें। विद्यालय को साफ रखें व सुंदर बनाएं। साथ ही मीनू अनुसार मिड डे मील बनवाया जाए। कोई भवन जर्जर स्तिथि में है तो तत्काल सूचित करें।



कंपोजिट विद्यालय सेहरामऊ दक्षिणी में प्रधान अध्यापक व स्टाफ के साथ बच्चे।

- शिक्षा महानिदेशक ने दिए थे पहले दिन उत्सव मनाने के निर्देश

इमरान सईद ने बताया कि विद्यालय को गुब्बारों, फूलों से सजाया गया। मिष्ठान आदि कि व्यवस्था की गई, लेकिन बच्चों की उपस्तिथि कम रही। मंगलवार से सभी शिक्षक घर-घर जा कर बच्चों को विद्यालय आने के लिए अभिभावकों से संपर्क कर जागरुकता रैली निकालेंगे। बच्चों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिली आयरन और कैल्शियम की टेबलेट भी दी गईं। शेष बच्चों को मंगलवार को दी जाएंगी। इस दौरान अनिल कुमार, हिना आलम, ममता सिंह, कहकशा, शाहिदा, अतहर कादरी, अनीता भारती, सुनीता, मुख्तार, समीक्षा, श्रद्धा गुप्ता, पूर्णिमा, अनीता सुबोध वर्मा, ज्योति, शाबानाज़, सुशील आदि ने अपने-अपने विद्यालयों में उत्सव मनाया।



झालर और गुब्बारों से सजाया गया स्कूल। ● अमृत विचार

### झालर और गुब्बारों से सजाया स्कूल

**शाहजहांपुर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय शहबाजनगर को झालर और गुब्बारों से सजाया गया। समारोह में कक्षा 6 के नवीन प्रवेश के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय आने वाले सभी बच्चों का रोली व चंदन टीका लगाकर स्वागत किया गया। गुलाब का फूल देकर छात्र-छात्राओं का शिक्षक और शिक्षिकाओं ने स्वागत किया। सभी छात्रों की ओर से मां सरस्वती को नमन करते हुए अपनी कक्षाओं में प्रवेश किया। इस अवसर पर शिक्षक नेता रवींद्र पाल प्रजापति, शबाना रहमान, विमलेश तिवारी, राजकौर, कैसर शफीक, वासिफ हुसैन, महापारा, अर्शी खानम, हंसा पाल, अनुराधा सक्सेना, गजाला परवीन, तबस्सुम बेगम, पंकज रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

### मुमुक्षु विद्यापीठ में हुई विशेष प्रार्थना सभा



**शाहजहांपुर।** शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को गर्मियों की छुट्टियों के बाद दोबारा विद्यालय खुलने पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानाचार्या डा. मेघना मेहंदीरत्ता के निर्देशन में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया व सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग व दुष्प्रभाव विषय पर नाटिका के माध्यम से प्रकाश डाला। प्री प्राइमरी कक्षाओं में पहला दिन स्टोरी टेलिंग डे के रूप में मनाया गया, जिसमें शिक्षिकाओं ने प्यासा कौवा, खरगोश व कछुआ, शेर और चूहा आदि बहुचर्चित कहानियां बच्चों के सम्मुख प्रस्तुत की व उनसे मिलने वाली सीख को भी समझाया। बच्चों ने खेल-खेल में जीवन की बहुमूल्य शिक्षाएं ग्रहण की। आयोजन में विद्यालय की शिक्षिकाओं व शिक्षकों का योगदान रहा।

जागरुकता | डीएम ने हरी झंडी दिखाकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली को किया रवाना

# टोलियां घर-घर जाकर रोगों से बचाव के प्रति करेंगी जागरूक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान एक से 31 जुलाई 2024 तक चलाया जाएगा। डीएम उमेश प्रताप सिंह ने सोमवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जनजागरुकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

डीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनपद में विशेष संचारी रोग (डेंगू, मलेरिया, फायलेरिया, दिमगी बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग) नियंत्रण कार्यक्रम 1 से 31 जुलाई तक और इसके अंतर्गत 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। जनमानस से अपील करते हुए कहा है कि सभी लोग संचारी रोग के प्रति जागरुकता अपनाएं और अपने आसपास सफाई रखें। कहीं भी जलभराव न होने दें। इस अभियान के अंतर्गत गरीय क्षेत्रों के नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज विभाग द्वारा एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग किया जाएगा। अभियान में नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण विभाग कृषि एवं सिंचाई एवं उद्यान विभाग अपने अपने विभागों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का संचालन करेंगे। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. आरके गौतम, नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा, डिप्टी सीएमओ डॉ. मनोज मिश्रा, एसएमओ डॉ. आकांक्षा यादव, डीएमसी यूनिसेफ से हुदा जेहरा, नगर निगम के कर्मचारी, डीपीएम आदि मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट परिसर में हरी झंडी दिखाकर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली का प्रारंभ करते डीएम उमेश प्रताप सिंह।

- एक से 31 जुलाई तक संचारी व दस्तक अभियान चलाया जाएगा
- अपने आसपास सफाई रखने और जलभराव न होने देने की अपील

### रोगियों को खोज कर सूची बनाएंगी आशा

दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा कार्यकर्ता घर-घर भ्रमण कर संचारी रोगों से बचाव और इसके लक्षणों व उपचार सुविधाओं के प्रति जागरूक करेंगी। साथ ही डेंगू, मलेरिया, फायलेरिया, दिमागी बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग के लक्षण वाले रोगियों को खोज कर जांच व उपचार की सूची बनाएगी।

## बच्चों का किया गया स्वागत

**निगोही, अमृत विचार:** संविलयन विद्यालय पतराजपुर में विद्यालय को रंग बिरंगे गुब्बारों से एवं पट्टियों से सजाया गया।विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक मो. आजम खान ने बच्चों के रोली टीका लगाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेंद्र सिंह ने सभी बच्चों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। संविलयन विद्यालय सहदेवपुर में इ.प्र.अ. सुरेश पाल कुशवाहा, हमजापुर में शिक्षक लाल माणिक चौधरी, रचना राजपूत, कहकशा निगार समेत समेत स्टाफ ने बच्चों का स्वागत किया। प्रा.वि. पिपरिया खुशाली में प्रधानाध्यापक खुशीराम यादव ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में अनुराधा, श्वेता प्रताप, रामबहादुर, हिमांशु सिंह, जीशान सिद्दीकी, मतीन अली, रामप्रसाद, राजेन्द्र वर्मा, पारस वर्मा का सहयोग रहा।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing | G.N.M.
M.Sc. Nursing | A.N.M.
P.B.B.Sc. Nursing | D.P.T.
College Code: 2430244 | D.R. Optometry
ADMISSION OPEN
D.Pharma | M.Ed.
D.M.L.T. | B.Ed
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

## एक नजर

### टावर से उपकरण चोरी

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोदीपुर निवासी रिजवान अली ने बताया कि एअरटेल का आपरेटर है। सीतापुर रोड पर रजुआ खुर्द में टावर लगा था। 29 जून की रात में पौने 12 बजे अज्ञात चोरों ने टावर के तीन अजना नामक उपकरण चोरी कर लिए है। उन्होंने चोरी की सूचना डायल 112 को दी थी। इससे पहले 15 मई को तीन उपकरण चोरी हो चुके है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** सिंधौली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि अभियुक्त राजपाल निवासी बबौरी थाना सिंधौली गुंडा अधिनियम की धारा के मुकदमें दर्ज थे। जिला मजिस्ट्रेट ने 5 अप्रैल को जिला बदर कर दिया था। पुलिस को रविवार की शाम को सूचना मिली कि जिला बदर अपराधी राजपाल गांव में घूम रहा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

### किशोरी अगवा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेद्ध के एक मोहल्ला की महिला ने बताया कि 27 जून को दिन में 11 बजे मनोज उसकी पुत्री को अगवा कर ले गया है। आरोपी दूसरे मोहल्ले में रहता है। उसकी पुत्री घर से दो लाख का जेवर तथा सात हजार रुपये नगद ले गई है। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# गलियों में कचरे के ढेर से बीमारी...खुले नाले से हादसे का डर

## तारीन बहादुरगंज में कई स्थानों पर लगे हैं कूड़े के ढेर, ऊबड़ खाबड़ रास्ते पर गिरकर चोटिल हो रहे लोग

सफाई व्यवस्था चौपट

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचारः** संचारी रोग की रोकथाम के लिए अभियान की शुरूआत हो गई लेकिन शहर के कई मोहल्लों में सफाई व्यवस्था चौपट नजर आ रही है। वहीं गलियों में ऊबड़ खाबड़ सड़कें और खुले नाले हादसे को दावत दे रहे हैं और गंदगी संक्रामक रोगों को आमंत्रण दे रही है।

शहर में ज्यादातर स्थानों से कूड़ेदान गायब हो चुके हैं और घरों से निकलने वाला कूड़ा अब गलियों में सड़क किनारे डाला जा रहा है। यदि पालिका कर्मचारी एक दिन भी गायब हो जाए तो फिर गली में कूड़े का बड़ा सा ढेर लग जाता है, जो जरा सी बरसात होने के बाद दुर्गंध छोड़ता है, जिससे संक्रामक रोग फैसने की आशंका बनी हुई है। शहर के मोहल्ला तारीन बहादुरगंज में सांई मंदिर के पास एक गली जो नाला वाली मस्जिद से होते हुए लालइमली चौराहे पर जाकर निकलती है। इस गली में एक माह पहले सीवर लाइन के लिए पाइप डाले गए थे। पाइप पड़ जाने के बाद इसके ऐसे ही मिट्टी से पाट दिया गया, बरसात में मिट्टी धंसी तो सड़क ऊबड़खाबड़ हो गई। इसी गली में कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे हैं। सबसे बड़ा कूड़े का ढेर नाले वाली मस्जिद से पहले होली वाले स्थान पर लगा हुआ है और यहीं पर ऊबड़ खाबड़ सड़क की वजह से गड्ढे. में जलभराव बना हुआ है, जिसमें मच्छर पनप रहे हैं। कूड़े की दुर्गंध और पनप रहे मच्छर बीमारी को दावत दे रहे हैं। मोहल्ले के लोगों ने कई बार नगर निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों से गंदगी को लेकर शिकायत की लेकिन समस्या का पूरी तरह से निदान नहीं हो पा रहा है। इसी गली में नाला निकला है, जो खुला हुआ है और इस नाले की भी काफी समय से साफ-सफाई नहीं हुई है, जरा सी बरसात होने पर गली में जलभराव हो जाता है तब सड़क और नाले का पता ही नहीं रहता है, जरा सी चूक पर किसी की भी जान पर बन सकती है, हालांकि अभी इतनी बरसात नहीं हुई कि जलभराव हो, इसलिए लोगों को सुकून है।


तारीन बहादुरगंज में होली वाली जगह के पास लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार


नाले वाली मस्जिद के पास खुली नाली, जिसमें गिरकर अक्सर लोग हो रहे चोटिल। ● अमृत विचार

### खुली नाली पर पटला या, लोहे का जाल डलवाए जाने की मांग

नाले वाली मस्जिद के पास अंदर गली में मकान बने हुए हैं और इसी गली में घुसने से पहले बड़ी सी नाली पार करनी होती है, पहले तो इस बड़ी सी नाली पर लोहे का जाल पड़ा था, तब लोग बाइक और साइकिल लेकर निकल जाते थे लेकिन अब यहां से लोहे का जाल हटा दिया गया है, जिस कारण नाली खुल गई है और अब यहां से बाइक निकालना मुश्किल है। कई बार तो अंजान लोग बाइक लेकर निकले तो नाली के पास गिरकर चोटिल हो गए। मोहल्ले के राजेश, मुकेश, मनोज, रविंद्र आदि लोगों ने खुली नाली पर पटला या लोहे का जाल डलवाए जाने की मांग की है।

> शहर की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, इसमें लोगों को भी सहयोग करने की जरूरत है, जहां सफाई नहीं हुई है, वहां विशेष नजर रखकर सफाई कराई जाएगी।
> **– विपिन कुमार मिश्रा**, नगर आयुक्त

## धर्म परिवर्तन कराते तीन को पकड़ा रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** हिंदू रक्षा दल ने तीन लोगों को धर्म परिवर्तन कराते पकड़ा और थाने ले आए। तीनों आरोपियों के खिलाफ संगठन ने केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हिंदू रक्षा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष हिंदू ने कांट थाने में तहरीर देकर बताया कि उन्हें सूचना मिली कि रामखेड़ा में कुछ बाहरी महिला व पुरुष अपने धर्म का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और हिंदू समाज के लोगों का धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। वह अपनी टीम के साथ जब गांव पहुंचे तो कुछ लोग धार्मिक किताब लेकर गांव में धर्म परिवर्तन कर रहा था। जानकारी करने के पर आरोपियों के नाम रामकृपाल, रमा देवी पत्नी राम कृपाल निवासी थाना सबाजपुर जिला हरदोई, नोरंग लाल थाना पचदेवरा जिला हरदोई प्रकाश में आए। उन्होंने तीनों को अपने साथियों की मदद से पकड़ लिया और थाने ले आए।

कांट प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले में तीनों आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस जांच कर रही है।

# फोर्स के साथ गांव पहुंची राजस्व टीम कब्जा मुक्त कराई तालाब की जमीन


कोल्हूगाढ़ा गांव में कब्जा हटवाने के दौरान मौजूद पुलिस व एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

**संवाददाता, खुटार**

**अमृत विचारः** गांव कोल्हूगाढ़ा में तालाब पर अवैध कब्जा और पानी निकास को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट और पथराव के बाद सोमवार को लेखपाल ने प्रधान और पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुंचकर जेसीबी से तालाब से अवैध कब्जा हटवाया। तालाब से पूरी तरह से अवैध कब्जा नहीं हटाया जा सका क्योंकि दोनों पक्ष में विवाद की स्थिति रही। करीब एक घंटे तक कब्जा हटाने की कार्रवाई चली।

गांव कोल्हूगाढ़ा में पानी की समस्या को दूर करने के लिए प्रधान जीत शुक्ला ने ग्राम समाज की भूमि पर जेसीबी से तालाब खुदवाया था। इससे घरों से निकलने वाला पानी नालियों से होकर तालाब में जाने लगा था, तो लोगों को काफी सहूलियत हुई। लेकिन कुछ लोगों ने तालाब की भूमि को अपनी बताकर उस पर मिट्टी डालकर अवैध कब्जा करना शुरू कर दिया। इस पर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई और प्रधान के साथ ही अधिकारियों से शिकायत की गई थी। इस मामले में एसडीएम ने लेखपाल को मौके पर भेजकर पैमाइश कराई थी, जो तालाब की जगह निकली। 22 जून को गांव के राकेश कुमार और दूसरे पक्ष के बृजबहादुर के बीच तालाब पर अवैध कब्जा, पानी निकास को लेकर विवाद हो गया था। दोनों पक्षों के बीच गाली गलौज, जमकर मारपीट और पथराव चला। इसमें कई लोग चोटिल हो गए थे। पुलिस ने मौके पर दो लोगों को पकड़कर उनका शांतिभंग में चालान कर दिया था। जबकि दोनों पक्षों में 18 लोगों के खिलाफ मुचलका पाबंद कर कार्रवाई कर दी गई थी। सोमवार को हल्का लेखपाल विक्रम सिंह चंद्रा थाने पहुंचे। जहां पुलिस फोर्स और ग्राम प्रधान के साथ गांव पहुंचे और जेसीबी से तालाब की खुदाई कराकर अवैध कब्जा हटवाया। इस बीच दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए, जिससे विवाद की स्थिति बन गई लेकिन भारी पुलिस फोर्स के चलते विवाद होने से बच गया। बावजूद इसके तालाब पर अवैध कब्जा पूरी तरह से मुक्त नहीं हो पाया।


तालाब से अवैध कब्जा हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

- कोल्हूगाढ़ा में कार्रवाई के दौरान भी दोनों पक्ष आ गए सामने-सामने, फोर्स की मौजूदगी की वजह से टला विवाद
- आधे-अधूरे स्तर पर कार्रवाई करने के बाद लौट गई टीम, 22 जून को भी हुआ था दोनों पक्षों में विवाद

## सीएमओ ने जैतीपुर सीएचसी का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** सीएमओ डॉ आरके गौतम ने सोमवार को जैतीपुर सीएचसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय एक मरीज भर्ती मिला तथा लेबर रूम में एक प्रसूता भर्ती मिली। उन्होंने पिछले माह होने वाले प्रसव की जानकारी ली।

निर्देश दिए कि 48 से 72 घंटे के उपरांत ही मरीज को डिस्चार्ज किया जाए। उसे एंबुलेंस से घर भेजा जाए। भर्ती मरीज को समय से नाश्ता व खाना मेन्यू के आधार पर दिया जाए। किसी भी मरीज को बाहर की दवा नहीं लिखी जाए।

मरीजों की अच्छी तरह से जांच करके दवा दी जाए। निरीक्षण के समय चिकित्सा अधीक्षक डा जफर, डा आशीष कुमार, स्टाफ नर्स प्रज्ञा सिंह, मुस्कान वर्मा आदि मौजूद रही।

# पौध रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया

- मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में नगर आयुक्त, विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक ने किया संबोधित

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचारः** ग्रीष्मावकाश के बाद शिक्षण सत्र के प्रारंभ में सोमवार को मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में पर्यावरण संरक्षण के लिए सघन पौधरोपण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक, समाजसेवी रमेश भईया, विमला बहन और नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्रा आईएएस अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्कूल में पौधरोपण किया।

इस अवसर पर समाजसेवी रमेश भइया ने बताया कि महात्मा गांधी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी आचार्य विनोबा भावे कहा करते थे कि बच्चों की सेवा पुण्य का कार्य है और वृक्षों की सेवा महापुण्य का कार्य है। उन्होंने बच्चों में पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के संस्कार डालने के लिए मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विमला बहन ने जय जगत के उद्घोष के साथ बच्चों को समझाया कि विनोबा जी कहा करते थे कि हमारी जननी मां एवं स्त्री शक्ति का सम्मान होना चाहिए, साथ ही गो माता और धरती मां का भी सम्मान और संरक्षण आवश्यक है। तीनों माताओं के सम्मान के साथ ही किसी भी समाज का उत्थान सम्भव है। नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्रा ने स्कूल के हरे भरे परिसर को देखकर प्रशंसा कर प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि जीवन के लिए शुद्ध हवा भी वृक्ष ही प्रदान करते हैं। ऐसी स्थिति में हम वृक्ष के बिना जीवन जीने की कल्पना कैसे कर सकते हैं। मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल के संस्थापक एवं अध्यक्ष पूर्व आईएएस राजीव कुमार सिंह ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि हर वर्ष तापमान बढ़ता जा रहा है। ऐसे में वृक्ष की छांव हमें भीषण गर्मी के प्रकोप से बचा सकती है इसलिए उन्होंने 1000 वृक्षों को लगाने का संकल्प लिया है और बच्चों को भी पौधरोपण करने और उन्हें हरा भरा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। छात्रा आरोही शुक्ला, छात्र अबु शमीम ने भी पर्यावरण संरक्षण एवं पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्रा अनन्या सिंह, अयुषी पांडेय, तनिष्का सिंह ने संचालन किया। कार्यक्रम में स्कूल के अध्यापकगण एवं विद्यार्थियों सहित डा. लता बंसल, डॉ. रोहित सिंह उपस्थित रहे।


स्कूल में पौध रोपित करते अतिथि। ● अमृत विचार

# आंबेडकर पार्कों से जिम सिस्टम हटाए जाने की मांग

- आजाद समाज पार्टी काशीराम के पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचारः** आजाद समाज पार्टी कांशीराम के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व में सोमवार को पार्टी के तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित दो सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि तिलहर में बीते दिनों आंबेडकर पार्क में जिम सिस्टम लगा दिया गया है। जिससे दलितों, पिछड़ों, भारतीय संविधान समर्थकों को ठेस पहुंची है। पुवायां के खुटार ब्लाक व जलालाबाद में आंबेडकर पार्क में जिम लगवाने की तैयारी चल रही है। जिससे अशांति की स्थिति बन सकती है, जहां भी जिम सिस्टम पार्कों में लगाए गये हैं उनको हटवाया जाए। इस दौरान महेश सागर, दिनेश कुमार, सुमित, शैलेंद्र, संतोष आदि रहे।


कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचे आजाद समाज पार्टी काशीराम के पदाधिकारी।

### जेठ के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज

**पुवायां।** मुड़िया कुर्मियां गांव की नन्हे लाल की पत्नी गुड्डी देवी ने अपने जेठ दुर्गेश कुमार के खिलाफ गाली–गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। गुड्डी देवी ने बताया कि सोमवार सुबह 10 बजे देवर आदेश कुमार व जेठ दुर्वेश कुमार के बीच विवाद हो गया। मना करने पर जेठ ने गाली गलौज, मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

### युवक ने महिला से की छेड़छाड़, तहरीर दी

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने बताया कि दूसरे मोहल्ले का मोहम्मद तनवीर उसे कई माह से परेशान करता है। वह बाजार जाती तो आरोपी उसके साथ रास्ते में छेड़छाड़ करता है। उसके घर के बाहर आकर खड़ा हो जाता है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि आरोपी मोहम्मद तनवीर के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई और आरोपी की तलाश की जा रही है।

# गिरते लिंगानुपात पर सभी को गंभीरता से सोचने की जरूरत

- बाल विकास विभाग की ओर से हाई स्कूलों में हुए कार्यक्रम
- पीसी पीएनडीटी एक्ट को लेकर साझा की महत्पवूर्ण जानकारी

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचारः** सागर पब्लिक हाईस्कूल में सोमवार को बाल विकास विभाग की ओर से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग की ओर से जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर प्रियांशी पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बालिकाओं के गिर रहे लिंगानुपात के विषय पर सभी को गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है।

पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही महिला कल्याण विभाग की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया गया। जागरुकता अभियान में बताया गया कि दहेज समाज के लिए अभिशाप है। दहेज लेने वालों पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के अंतर्गत 5 साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है। चाइल्ड हेल्पलाइन से सुपरवाइजर ज्ञान स्वरूप ने बच्चों के अधिकारों के बारे में बताया। वर्तमान समय में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए माता-पिता की अहम भूमिकाओं के बारे में भी बात की गई। उन्होंने कहा कि माता-पिता को अपने बच्चे के विषय में पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्हें देखना चाहिए कि बच्चा कहीं किसी शोषण का शिकार तो नहीं हो रहा है। यह देखा गया है कि बच्चों का शोषण करने वाला अपना सगा संबंधी ही होता है। जनपद में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का संचालन किया जा रहा है। अगर कोई भी बच्चा संरक्षणहीन दशा में दिखे तो 1098 पर सूचना दी जा सकती है। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090, 112 की जानकारी भी प्रदान की गई।

### खेलते हुए लापता हो गई थी बच्ची, चार घंटे में पुलिस ने किया बरामद

**शाहजहांपुर।** खुदागंज थाना के उप निरीक्षक गौरव ने बताया कि 1 जुलाई को वर्षा पत्नी सुमित वर्मा निवासी कायस्थान थाना खुदागंज ने थाने पर आकर सूचना दी कि उसकी सात वर्षीया पुत्री अनन्या सुबह सात बजे घर के बाहर खेल रही थी। अचानक गायब हो गई। परिवार वालों ने उसकी गांव में तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। पुलिस ने गुमशुदगी में रिपोर्ट दर्ज कर ली। बच्ची की तलाश में दो टीमें गठित की गई। पुलिस ने गायब अनन्या को चार घंटे के अंदर से बरामद कर लिया। पुलिस ने मां को बुलाकर थाने पर बेटी को सुपुर्द कर दिया। परिवार वालों ने पुलिस की प्रशंसा की।


बच्ची को उसके माता–पिता के सुपुर्द करती पुलिस।

### मां-बेटियों को लाठी-डंडों से पीटा

**कलान।** थाना क्षेत्र के गांव गुदौरा दाउदपुर निवासी भूरे ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसके गांव के कई लोग उसकी पत्नी को गाली गलौज करने लगे, जिसका उसने विरोध किया। जिस पर आरोपियों ने हमला बोल दिया। मां को पिटते देख उसकी पुत्रियां बचाने आई तो उनको भी पीट दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बलात्कार के आरोपी ससुर को जेल भेजा

**पुवायां।** ससुर और पुत्रवधू के रिश्ते को शर्मसार करने वाले आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा है। रोजगार सेवक की पुत्री ने अपने ससुर की हरकतों से तंग आकर ससुर के खिलाफ गली–जलौज, मारपीट एवं बलात्कार करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की विवेचना के बाद आरोपी ससुर प्रेमचंद्र पुत्र भूधर निवासी मरेना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## कबाड़ की दुकान से बरामद की किताबें

**निगोही, अमृत विचारः** नगर पंचायत निगोही के मोहल्ला भगत सिंह ऊर्फ हमजापुर में एक कबाड़ी की दुकान से निगोही पुलिस ने सरकारी किताबें बरामद की। पुलिस को मुखबिर की सूचना पर भरोसा करते हुए छापा मारा और सरकारी किताबें बरामद कर कबाड़ स्वामी से पूछताछ कर रही है।

# सीसीटीवी को कमांड कंट्रोल सेंटर से जोड़ें

- डीएम की अध्यक्षता में हुई सेफ सिटी परियोजना के अंतर्गत आरएफपी की समीक्षा बैठक

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सेफ सिटी परियोजना के अंतर्गत आरएफपी (सीसीटीवी) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि शहर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा जाए। जिससे अच्छे ढंग से शहर की निगरानी हो सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि शहर में छूटे हुए सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं। शेल्टर होम, मदरसे, जिला कारागार मुख्य द्वार, शराब की दुकान, पेट्रोल पंप, विद्यालय, कोचिंग सेंटर सहित आदि प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी लगाया जाए। सार्वजनिक स्थलों की ओर लगे व्यक्तिगत सीसीटीवी कैमरा को भी इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर से लिंक किया जाए। कैमरे अच्छी क्वालिटी के हो। जिससे पिक्चर एवं वीडियो में क्लेरिटी रहे, जिससे शहर की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा सके। साथ ही डाटा स्टोरेज की पर्याप्त व्यवस्था रहे। सभी कैमरे 24 घंटे सक्रिय रहे।

पुलिस विभाग एवं नगर निगम संयुक्त रूप से समन्वय बनाकर कार्य को संपन्न कराएं। इस दौरान एसपी अशोक कुमार मीणा, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम उमेश प्रताप सिंह व अन्य। ● अमृत विचार



